आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि व पैनलिस्ट के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल की लगभग 10 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में रहती है और राज्य सरकार उन्हें जीवंत और विकसित शहरी क्षेत्रों के रूप में बदलने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला और शिमला स्मार्ट सिटी के रूप में उभर रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के तहत अर्बन प्लेटफॉर्म फॉर डिलीवरी ऑफ ऑनलाइन गवर्नेंस को लागू करने की पहल की है। उन्होंने शहरीकरण के लिए राज्य में अंतर्राष्ट्रीय हवाई संपर्क और रेलवे नेटवर्क को मज़बूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार हरित हाईड्रोजन की दिशा में भी अभिनव पहल कर रही है। इस दौरान शहरी शासन सूचकांक 2024 भी लॉंच किया गया।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के लोगों को घर–द्वार के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। वे आज सोलन ज़िले के कुमारहट्टी स्थित महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय में तीन आधुनिक एम.आर.आई मशीनों का लोकार्पण करने के अवसर पर बोल रहे थे। शांडिल ने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक–एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोला जा रहा है और इनमें सभी प्रकार की सुविधाएं होंगी। स्वास्थ्य मंत्री ने उम्मीद जताई कि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय में स्थापित आधुनिक मशीनों के स्थापित होने से गंभीर बीमारियों का समयबद्ध निदान सुनिश्चित होगा।

प्रदर्शनी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर प्रदेश भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत शिमला के मालरोड़ पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों पर आधारित इस प्रदर्शनी का शुभारंभ नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने किया। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन से जुड़ी प्रेरक बातों को भी दर्शाया गया है। जयराम ठाकुर ने इस प्रदर्शनी के आयोजन के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को साधुवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत को दुनिया के अग्रणी देशों की प्रथम पंक्ति में लाकर खड़ा किया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि संजौली मस्जिद विवाद में कांग्रेस का दोहरा चरित्र सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध मस्जिद पुलिस व प्रशासन द्वारा सील करने के बावजूद ए.आई.एम.आई.एम नेता ने वीडियो बनाकर शिमला के शांत माहौल को खराब करने की कोशिश की है, जिसके खिलाफ सरकार को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि अभी तक इस व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई है जबकि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले हिंदू नेताओं के खिलाफ पुलिस ने सरकार के इशारे पर कार्रवाई की है। उन्होंने इस मसले पर जनभावनाओं का सम्मान करते हुए सरकार से स्थाई हल निकालने की मांग की है।

वेंडर्स नीति

राज्य सरकार को स्ट्रीट वेंडर्स नीति के संबंध में समाज के विभिन्न वर्गों से सुझाव प्राप्त हुए हैं और इस मामले के हर पहलू पर संवेदनशीलता के साथ विचार किया जा रहा है। एक सरकारी प्रवक्ता ने आज शिमला में बताया कि अभी तक प्रदेश सरकार ने विक्रेताओं द्वारा अपनी दुकानों पर नेम प्लेट या अन्य पहचान अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्ट्रीट वेंडर्स से संबंधित मुद्दों का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस सन्दर्भ में निर्णय लेने से पहले सभी सुझावों पर संवेदनशीलता से विचार किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि इस संबंध में संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में कांग्रेस और भाजपा विधायकों की एक समिति का गठन किया गया है। समिति इस मामले में प्रदेश सरकार को अपनी सिफारिशें देने से पूर्व विभिन्न हितधारकों के सुझावों की समीक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि

मंत्रिमंडल द्वारा इन सिफारिशों का गहनता से मूल्यांकन करने के बाद ही अन्तिम निर्णय लिया जाएगा।

आर.एस. बाली

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि धर्मशाला कॉलेज में पर्यटन विभाग की ओर से एशियन विकास बैंक के तहत करीब 5 करोड़ की राशि से कनवेंशन सेंटर निर्मित किया जाएगा। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आज उन्होंने ये बात कही। आर.एस. बाली ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा एशियन विकास बैंक की मदद से हिमाचल में पर्यटन विकास के लिए 2 हज़ार 5 सौ करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे।

....